Gr. No. (15)

(15)

201

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 20 मई, 1971

का०आ० 2197.—तारीख 31 मार्च, 1969 के भारत के असाधारण राजपत्र भाग II—खण्ड 3 उप खण्ड (ii) में पृष्ठ 410 से 412 तक भारत सरकार गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का० आ० 1304 दिनांक 28 मार्च, 1969 के साथ प्रकाशित।

पृष्ठ 410 पर पैरा 1 की पंक्ति 1 और 2 में "होम्योपथी चिकित्सा पद्धति परिषद (पुनर्गठन और पुनः संगठन)" के स्थान पर 'होम्योपेथी चिकित्सा पद्धति परिषद्, पंजाब (पुनर्गठन और पुनः संगठन), पढ़ें।'

[सं० 17/9/71-एस० आर०]

एम० आर० सचदेव, अवर सचिव।

MINISTRY OF FOREIGN TRADE

New Delhi, the 22nd May 1971

S.O. 2198.—Whereas the Textile Committee has established standard specifications for the material as defined in clause (d) of regulation 2 of the Mill-made Cotton Made-up Articles (Towels) Inspection Regulations, 1969 for the purpose of export;

And whereas on the recommendation made to it in this behalf by the Textiles Committee the Central Government is of opinion that the material which does not conform to the standing established by the said Committee should not be exported;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 17 of the Textiles Committee Act, 1963 (41 of 1963), and in supersession of the Notification of the Gazette of India in the Ministry of Foreign Trade No. S.O. 1500, dated the 27th March, 1971 the Central Government hereby prohibits the export from India to any foreign country of the material defined in clause (d) of regulation 2 of the Mill-made Cotton Made-up Articles (Towels) Inspection Regulations, 1969, unless such material is covered by a certificate issued in this behalf under regulation 11 of the said regulations:

Provided that the above prohibition shall not apply to the export of low standard material which does not conform to the minimum standard required for the issue of a certificate under regulation, 4 of the said regulations, if an order is received from abroad for the supply of such low standard material and if the officer authorised by the Textiles Committee in this behalf is satisfied about the bonafides of such order and the export of such material is authorised by him.

2. This notification shall come into force on the 15th June, 1971.

[No. F. 5/18/70-Tex-A.]

विदेश व्यापार मंत्रालय

नई दिल्ली, 22 मई, 1917

का० आ० 2198.— यतः वस्त्र समिति ने, मिल निर्मित रुई की बनी वस्तु (तौलिए) निरीक्षण विनियम, 1969 के विनियम 2 के खण्ड (घ) में परिभाषित सामग्री के लिए निर्यात के प्रयोजनार्थ मानक विनिर्देश नियत किए हैं;

और, यतः केन्द्रीय सरकार की, वस्त्र समिति द्वारा उसे इस निमित्त की गई सिफारिश पर, यह राय है कि उस सामग्री का निर्यात नहीं किया जाना चाहिए जो उक्त समिति द्वारा स्थापित मानकों के अनुरूप नहीं है;